दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वंतत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर में पुलिस ने किये सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वंतत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार रात से शहर की सीमाओं पर स्थित नाकों एवं चौक-चौराहों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम पुलिस अधीक्षक रायपुर ने किये हैं। चौक चौराहों पर एवं बस स्टैण्ड एयरपोर्ट पर आवाजाही करने वालों पर पुलिस की सतर्क निगाह है। संदिग्ध वाहनों को रोककर पूछताछ किये जाने की जानकारी मिली है। वहीं मुख्य ध्वजारोहरण स्थल पुलिस परेड ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री द्वारा 15 अगस्त को ध्वजारोहरण किये जाने के संबंध में विशेष सुरक्षा व्यवस्था कायम की गई है। कोरोना काल होने के कारण संक्षिप्त कार्यक्रम में आमंत्रितों के अलावा पुलिस परेड ग्राउंड में हर आम नागरिक की प्रवेश द्वारों में मेटल डिडेक्टर से जांच की जाएगी।

### रायपुर जिले को कोविशील्ड के 90 हजार डोज प्राप्त

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य स्तर से आज 14 अगस्त को रायपुर जिले को 90 हजार डोज कोविशील्ड प्राप्त हुआ है। इस प्रकार रायपुर जिले में कोविशील्ड वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक वर्तमान में उपलब्ध है। रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के ऐसे सभी व्यक्तियों जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाया है, उनसे अपील की है कि वे कोविड-19 वैक्सीन अवश्य लगवाएँ। ऐसे सभी व्यक्तियों का दूसरा डोज लगाए जाने का समय आ गया है, कलेक्टर सौरभ कुमार ने उनसे भी अपील की है कि वे भी वैक्सीन का दूसरा डोज जरूर लगवा लें। कोविड-19 टीकाकरण के जिला नोडल अधिकारी राजीव पांडे ने बताया कि आज 14 अगस्त को रायपुर जिले के 182 शासकीय टीकाकरण केंद्रों में कोविड-19 वैक्सीन लगाया जा रहा है। कल 15 अगस्त से जिले के 225 से अधिक केंद्रों में टीकाकरण किया जाएगा।

### चोरी के इरादे से पहुंचे युवक को लगा करंट, मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** एक निर्माणाधीन स्थल पर चोरी के इरादे से घुसे युवक को करंट लग गया। इसके असर से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान काशीनगर निवासी के रूप में कर ली गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है और आगे की जांच कर रही है। आज सुबह यह घटना यहां के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पीछे हुई। यहां पर कोरोना की आगामी स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के द्वारा ऑक्सिजन प्लांट स्थापना कराई जा रही है। मध्यप्रदेश की कंपनी दिलीप बिल्डकॉन को इसका कॉण्ट्रेक्ट दिया गया है। निर्माण इकाई ने यहां पर जरूरी मटेरियल का स्टाक कर रखा है ताकि बार-बार दुकान का चक्कर न लगाना पड़े। पर्याप्त निगरानी के बावजुद इस इलाके में चोरी चकारी करने वाला वर्ग सक्रिय है। खबर के अनुसार यहां पर रखे मटेरियल की चोरी के इरादे से एक युवक यहां पर पहुंचा हुआ था। इस दौरान उसने काफी मात्रा में केबल को कलेक्ट किया और बोरी में भर लिया। यहां से सामान को पार करने से पहले वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब पता चला की माजरा क्या है। आनन-फानन में पीड़ित को परीक्षण के लिए ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो वायरल किये जाने के के बाद उसके परिजन पहुंचे, जिन्होंने काशीनगर निवासी के तौर पर की गई है।

# रायगढ़ स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सुविधायें बढ़ाने हो रहा कार्य, विभिन्न खेल प्रशिक्षकों को किया गया है संलग्न

» हॉकी, कबड्डी, मार्शल आर्ट, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स के खेल सामग्री के साथ प्रशिक्षण की हो रही व्यवस्था

» मिनी स्टेडियम में फुटबाल एवं व्हालीबाल के खेलने की होगी सुविधा



**रायगढ़।** रायगढ़ में खिलाड़ियों के खेल व्यवस्थाओं के संबंध में खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस संबंध में रायगढ़ स्टेडियम समिति के प्रभारी मुकेश चटर्जी ने बताया कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में रायगढ़ स्टेडियम में प्रशिक्षकों को खेल सुविधायें एवं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए संलग्न किया गया है। स्टेडियम में हॉकी खेल की सुविधाओं के विस्तार हेतु हॉकी मैदान तैयार किया जा रहा है। हॉकी में एनआईएस प्रशिक्षक श्रीमती एलिजा टोप्पो द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। हॉकी की बेसिक और एडवांस तकनीक पर कार्य किया जाएगा, जिसके लिए हॉकी के उपकरण हॉकी स्टिक, गोल पोस्ट, बॉल आदि की व्यवस्था भी की गई है।

रायगढ़ स्टेडियम में आधुनिक कबड्डी मेट, खेल विभाग द्वारा समिति को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें प्रशिक्षक श्रीमती विनिता पाढ़ी द्वारा कबड्डी के बेसिक स्किल्स के साथ आधुनिक तकनीकों द्वारा आने वाले नये बच्चों को अभ्यास देने की योजना तैयार की गई है। स्टेडियम में मार्शल आर्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण के लिए समिति द्वारा उनको आधुनिक मार्शल आर्ट का मेट प्रदाय किया गया है, जिसमें नियमित अभ्यास किए जा रहे है।

वर्तमान में कबड्डी, मार्शल आर्ट आदि खेल मेट में खेले जाते है। आधुनिक खेल सुविधा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास रायगढ़ स्टेडियम समिति द्वारा किया जा रहा है, क्योंकि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी इन्हीं मेट का प्रयोग किया जाता है। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में ताईक्वाण्डो का भी नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वर्तमान में 20 से 25 खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे है। इन खिलाड़ियों के लिए भी मेट की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। रायगढ़ स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए शासन से प्राप्त राशि को लोक निर्माण विभाग रायगढ़ को हस्तांतरित की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जीर्णोद्धार कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। मिनी स्टेडियम रायगढ़ में फुटबाल एवं वालीबाल खेल की सुविधा एवं उपकरण उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है, जिससे आगामी कुछ दिनों पश्चात खिलाड़ियों के लिए यह मैदान खेलने योग्य होगा।

रायगढ़ स्टेडियम में एथलेटिक्स खेल के अंतर्गत मुख्य मैदान पर हाई जम्प एवं लांग जम्प के पिट तैयार किया जा रहा है साथ ही 400 मीटर इनर साईड ट्रेक तैयार कर, खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध किया जाएगा। इसके उपकरण हर्डल्स जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हाई जम्प बार आदि की व्यवस्था की गई है। कोविड के कारण काफी समय से मैदान बंद होने के कारण मैदानों में खरपतवार अधिक मात्रा में उत्पन्न हो गए है, जिसे जल्द ही खिलाड़ियों के लिए तैयार कर लिया जाएगा।

## मरीजों की स्थिति के अनुसार मेकाहारा में हो रहा अल्ट्रा साउण्ड

**रायगढ़।** मेकाहारा में सोनोग्राफी सिटी स्कैन मशीन के संबंध में समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई थी। इस विषय पर स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज ने बताया है कि चिकित्सालय के रेडियोलाजी विभाग में 01 सीनियर रेसीडेन्ट कार्यरत है। विभाग में कार्यरत सीनियर रेसीडेन्ट द्वारा प्रतिदिन औसतन 25 से 35 अल्ट्रा साउण्ड जांच किया जाता है। प्रति केस प्रोसिजर एवं रिपोर्टिंग में 20-25 मिनट तक का समय लगता है। चिकित्सालय में आने वाले ओपीडी/आईपीडी मरीजों में से इमरजेन्सी एवं गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर अल्ट्रा साउण्ड जांच किया जाता है एवं रूटिन जांच हेतु ओपीडी में आने वाले मरीजों एवं अधिक काम्पलिकेशन न होने की स्थिति में दूसरे दिन के लिए टोकन दिया जाता है। मेडिकल कालेज रायगढ़ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन एवं रेडियोलाजी विभाग से संबंधित प्रशासनिक कार्य का संचालन भी सीनियर रेसीडेन्ट द्वारा किया जा रहा है। किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग की सिटी स्कैन मशीन फंक्शनल नहीं होने से चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की जांच एवं इलाज हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से जांच सुविधा दी जा रही है। वर्तमान में निर्माणाधीन नवीन चिकित्सालय भवन के रेडियालाजी विभाग में हाई रेज्योलेशन 128 स्लाईसेस की सिटी स्कैन मशीन 8 जून को स्थापित की गई है। वर्तमान में मशीन में कुछ तकनीकी खराबी आयी है। जिसका सुधार कार्य निर्माण एजेंसी व कंपनी द्वारा किया जा रहा है। शीघ्र ही ये मशीन प्रारंभ हो जाएगी।

## कार में अवैध शराब की तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार

» 80 पाव अंग्रेजी व देशी शराब व कार जब्त



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा अवैध शराब पर कार्रवाई के दिये गये दिशा निर्देशों पर आज दिनांक 14.08.2021 को थाना प्रभारी अमित सिंह के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर कोटरीमाल रायकेरा चौंक के पास नाकाबंदी कर रेनॉल्ट क्विड कार क्र. सीजी-13-यु.एच.-8851 को पकड़ा गया। घरघोड़ा पुलिस को वाहन में अवैध शराब परिवहन किये जाने की सूचना मिली थी। वाहन के डिक्की में एक प्लास्टिक बोरी में अंग्रेजी शराब गोल्डन गोवा 180 एम.एल. वाली 40 नग, एक प्लास्टिक बोरी में देषी मंदिरा प्लेन 180 एम.एल. वाली 40 नग कुल 80 नग शराब 14.4 लीटर कीमती 8,000 रूपये मिलने पर वाहन चालक मुकेश साहू पिता चक्रधर साहू उम्र 27 वर्ष नि. कोनपारा थाना घरघोड़ा से पूछताछ किया गया जो उक्त शराब को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु परिवहन करना बताया जिससे धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त शराब एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई अमित सिंह के हमराह प्रधान आरक्षक डोलनारायण साव, आरक्षक विरेन्द्र भगत, पुरूषोत्तम सिदार, भानू चन्द्रा की अहम भूमिका रही है।

## झाल बेरियर के पास डोंगरीपाली पुलिस के पकड़ में आया गांजा तस्कर

» 10 किलो गांजा व मोटर सायकल जप्त, मादक पदार्थों के तस्करी पर एक और कार्रवाई



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर ओड़िशा से गांजा तस्करी की कोशिशों को एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल एवं थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया द्वारा बार्डर पर स्टाफ और मुखबिरों को चौकना कर तस्करी को विफल किया जा रहा है। इसी क्रम में डोंगरीपाली पुलिस द्वारा आज मुखबिर लगाकर ओड़िशा से मोटर सायकल पर गांजा की अवैध तस्करी कर रहे आरोपी को 10 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 14/08/2021 को थाना प्रभारी डोंगरीपाली को मुखबिर से एक व्यक्ति ग्रे-लाल रंग के हिरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर लौहराचटी उडिसा मेन रोड से ग्राम झाल कि ओर जाने वाला है , सूचना मिला। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर टीम कार्रवाई के लिये रवाना हुई। झाल बेरियर के पास मुखबिर बताये हुलिया अनुसार आरोपी धरमापद बिश्वाल को एक ग्रे लाल रंग के हिरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 9461 के सामने प्लास्टिक बोरा के अन्दर 10 पैकेट में 10 कि.ग्रा.गांजा किमती करीबन 60,000 रुपए रखकर लाते हुये पकड़ा गया। आरोपी धरमापद बिश्वाल पिता विष्णु बिश्वाल उम्र 35 वर्ष साकिन पडकीपाली थाना सोहेला जिला बरगढ (उडिसा) द्वारा जांजगीर की ओर बिक्री करने ले जाना बताया। आरोपी पर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, सहायक उप निरीक्षक रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक विनय तिवारी, जितेश्वर चौहान, शांति कुमार मिरी, सुशील यादव की अहम भूमिका रही है।

## मेहंदीगुड़ा और पदेड़ा के जंगल से 2 नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना पामेड़ से को जिला बल केरिपु 151 और कोबरा 204 की संयुक्त पार्टी मेहंदीगुड़ा, एमपुर, सेण्ड्राबोर की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मेहंदीगुड़ा और एमपुर के मध्य जंगल से नये कैम्प तोंगगुड़ा में फायरिंग की घटना में शामिल 01 नक्सली माड़वी हुंगा पिता माड़वी हड़मा उर्फ पोज्जा उम्र 21 वर्ष साकिन धरमावरम थाना पामेड़ को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी जवानों ने पदेड़ा जंगल पहाड़ी रास्ते से 01 नक्सली जिला राम हपका पिता मासा हपका उम्र 30 वर्ष निवासी धुमरा थाना नैमेड को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से कार्डेक्स वायर एवं इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर बरामद किया गया।

गिरफ्तार दोनो नक्सलियों के विरूद्ध थाना पामेड़ एवं बीजापुर में कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर में आज पेश किया गया।

# धरमजयगढ़ वनमंडल में मानव हाथी द्वंद रोकने उठाए जा रहे विभिन्न कदम

**रायगढ़।** डीएफओ धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथियों के रहवास हेतु अनुकूल वातावरण होने के फलस्वरूप प्रतिवर्ष यहां हाथियों की बड़ी संख्या में अन्य राज्य एवं वनमंडलों से आवागमन वर्ष भर बना होता है। जिसके फलस्वरूप कई बार हाथी मानव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसमें अप्रिय घटना को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार कदम उठाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि धरमजयगढ़ वनमंडल हाथी मानव संघर्ष में वर्ष 2015 से 2021 तक कुल 85 जनहानि घटना घटित हुई है। जिसमें पीड़ित परिवारों को शासन के नियमानुसार क्षतिपूर्ति सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। मानव हाथी द्वंद में कभी-कभी हाथियों की मृत्यु की आकस्मिक घटना घटित हुई है। जिसमें धरमजयगढ़ वनमंडल वर्ष 2015 से 2021 में कुल 21 घटना घटित हुई है। जिसमें अवैध विद्युत कनेक्शन से 10 जंगली हाथियों की मृत्यु हुई है जिसमें आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।



धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्र ग्राम ओंगना में 11 अगस्त 2021 हाथी विचरण करते हुए ग्राम के समीप आ गया था जिसमें मोहित राम यादव उम्र 39 वर्ष साकिन ओंगना को हाथी से आमना-सामना हो जाने के फलस्वरूप हाथी द्वारा हमला कर जनहानि की घटना घटित हुई हो गई। जिसमें पीड़ित परिवार को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपये दिया गया तथा शेष राशि प्रदाय की कार्यवाही की जा रही है। घटना दिनांक के पूर्व ग्राम में हाथी होने की सूचना एवं मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया था।

**धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत मानव-हाथी द्वंद रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासरत-** हाथी ट्रेकिंग दल धरमजयगढ़ के माध्यम से हाथियों के रात्रि काल में गांव में प्रवेश को रोकते हुए जनहानि को कम किया जा रहा है इस हेतु वनमंडल में समस्त परिक्षेत्रों में राजसात वाहनों का प्रयोग हाथी नियंत्रण में किया जा रहा है। हाथी प्रभावित गांवों में हाथी सचेतकों को वन प्रबंधन समिति के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। जिनका कार्य गांव के आस-पास जंगल में हाथी आने पर ग्रामीणों को इसकी सूचना देना तथा घर-घर जा कर यह पूछना की यदि कोई जंगल की ओर गया है तो उसे वापस बुला ले। वनमंडल में गजराज वाहन से प्रचार-प्रसार एवं मुनादी का कार्य करवाया जाता है तथा रात्रि कालीन गश्ती भी की जाती है। आवश्यकता पड़ने पर एकांत में बने निवासरत ग्रामीणों को उनके घर से गांव में सुरक्षित स्थलों तक लाया जाता है।

धरमजयगढ़ वनमंडल में एक हाथी सहायता केन्द्र का निर्माण कर संचालित किया जा रहा है। जिसमें चौबीसों घंटे एक एक वनरक्षक की ड्यूटी 8-8 घंटे की लगाई गई है। क्षेत्र से आने वाली सूचनाओं का संकलन कर प्रभावी क्षेत्र में आवश्यक सहयोग हेतु मोबाईल 9302477261 के माध्यम से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

धरमजयगढ़ वनमंडल के अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक गांव में सजग व्हाट्सअप ग्रुप का निर्माण कराया गया है। ताकि हाथी से संबंधित समस्त सूचनाएँ व्हाटसअप के माध्यम से हाथी सहायता केन्द्र धरमजयगढ़ में प्रेषित कर सके। वनमंडल अंतर्गत 9-13 हाथी का समूह अलग-अलग वन क्षेत्र में भ्रमण करते रहते है जिसके लिए स्थानीय स्व-सहायता समूह एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के माध्यम से दो-दो व्यक्तियों का समूह गठित किया गया है। ताकि उक्त समूह के क्षेत्र में आने वाले हाथियों का ट्रेकिंग कर उसकी सूचना उपलब्ध करा सके। जैसे ही हाथी दूसरे समूह जाता है दूसरा समूह भी हाथी समूह का ट्रेकिंग कर सूचना हाथी सहायता केन्द्र को उपलब्ध कराता है। उक्त हाथी मित्र एवं हाथी ट्रेकरों को भुगतान वन विभाग विभागीय मद एवं कैम्पा मद से किया जा रहा है। वनमंडल अंतर्गत गांव-गांव में हाथी से सावधान रहने हेतु जागरूकता एवं जनभागीदारी हेतु प्रत्येक गांव में दीवाल लेखन किया जा रहा है।

धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले रास्तों में स्लोगन प्लेट लगाकर राहगीरों को सचेत किया जाता है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वन प्रबंधन समिति के माध्यम से बैठक एवं प्रचार-प्रसार कर हाथियों की विचरण एवं गतिविधियों की जानकारी दिया जाता है। साथ ही गजराज वाहन के माध्यम से चलचित्र के माध्यम से ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षा के संबंध में बताया जाता है। ग्रामों के जनप्रतिनिधि सरपंच, शिक्षण चिकित्सक पटवारी एवं नवयुवकों का व्हाट्सअप समूह बनाकर प्रतिदिन हाथियों के विचरण कर जानकारी देकर ग्रामीणों एवं वनरहवासियों को सचेत किया जाता है। धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में परिक्षेत्र अंतर्गत स्कूलों एवं ग्राम पंचायत स्तर से हाथियों से सुरक्षा एवं हाथियों के बचाव के संबंध में प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से जागरूक किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480